स्वामी बासुदेव अनुग्रह नारायण महाविघालय, दरहेटा-लारी जिला-अरवल में बालिका छात्रावास के निर्माण कार्य हेतु दिनांक 13.10.2018 को प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड निस्तार के लिए दिनांक 13.12.2018 को तकनीकी मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थिति:

1. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। अध्यक्ष
2. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक(वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
3. **श्री रंजित प्रसाद सिंह,** महाप्रबंधक(दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
4. **श्री आशुतोष,** उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, गय। सदस्य

कार्यवाही:-

स्वामी बासुदेव अनुग्रह नारायण महाविघालय, दरहेटा-लारी जिला-अरवल में **बालिका** छात्रावास के निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रसारण दैनिक समाचार पत्र ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक 01.09.2018 को की गयी थी, जिसका पी0आर0 सं0-7612 नि0नि0 2018-19 है एवं अवधि विस्तार ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक 12.09.2018 को की गयी थी, जिसका पी0आर सं0-9046 नि0नि0 2018-19 है।

इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के सी0एस0आर0 मद से कुल ₹61.55 लाख का प्राप्त है तथा योजना की लागत के आधार पर अवशेष राशि ₹12.337 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव निदेशक पर्षद की बैठक में लिया जाना है। इस कार्य की प्रावैधिक स्वीकृति राशि कुल ₹73.887 लाख मात्र है तथा परिमाण-विपत्र की राशि ₹73,88,736.00 मात्र है।

इस निविदा में तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, गया द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता नीरज कुमार, ग्रा0+पो0-कतबा, थाना+जिला-जहानाबाद, बिहार हैं। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि इनके द्वारा अर्हता हेतु सभी आवश्यक कागजात संलग्न किया गया है, तत्पश्चात इन्हें रिस्पॉसिव पाया गया। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल 54 अंक प्राप्त हुए जो न्युतत्तम अर्हता के लिये निर्धारित 50 अंक से अधिक है। अत: समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

द्वितीय चन्द्रभुषण कुमार, ग्राम-ऐनवान, पो0-सैदाबाद, थाना-काको, जिला-जहानाबाद हैं। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि इनके द्वारा अर्हता हेतु सभी आवश्यक कागजात संलग्न किया गया है, तत्पश्चात इन्हें रिस्पॉसिव पाया गया। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल 94 अंक प्राप्त हुए जो न्युतत्तम अर्हता के लिये निर्धारित 50 अंक से अधिक है। अत: समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

तृतीय निविदादाता सतीश कुमार, ग्राम-सूर गणेश दत्त नगर, राजा, बाजार, पो0-जहानाबाद, थाना+जिला-जहानाबाद हैं। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि इनके द्वारा अर्हता हेतु सभी आवश्यक कागजात संलग्न किया गया है, तत्पश्चात इन्हें रिस्पॉसिव पाया गया। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल 59 अंक प्राप्त हुए जो न्युतत्तम अर्हता के लिये निर्धारित 50 अंक से अधिक है। अत: समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि उक्त निर्णय को निगम के बेवसाईट पर दिनांक 20.12.2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक आपति हेतु रखी जाय। आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक निविदा का निष्पादन करेंगे।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

(आशुतोष)	(रंजित प्र0 सिंह)	(तपेश्वर प्र0 साह)	(राकेश कुमार)
उप महाप्रबंधक,	महाप्रबंधक (दक्षिण),	महाप्रबंधक (वित्त),	मुख्य महाप्रबंधक
पी0आई0य0. गया।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0.पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0.पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0.पटना।